सत्यमेव जयते

# बिहार विधान सभा

की

# राजकीय आश्वासन समिति

का

# 354वाँ प्रतिवेदन

# ( ऊर्जा विभाग )

(दिनांक 23.07.26 ई0 को सदन में उपस्थापित) ।

बिहार विधान सभा
की
राजकीय आश्वासन समिति प्रशाखा द्वारा प्रकाशित ।

# विषय-सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | प्राक्कथन | क |
| 2. | राजकीय आश्वासन समिति के मा० सदस्यों एवं समिति के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची । | ख |
| 3. | आश्वासनों की सूची | ग |
| 4. | प्रतिवेदन | 1-19 |
| 5. | परिशिष्ट | 20-40 |

## प्राक्कथन

**मैं सभापति,** राजकीय आश्वासन समिति की हैसियत से बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 211 के तहत ऊर्जा विभाग से संबंधित विभिन्न वर्षों के कुल 21 आश्वासनों के कार्यान्वयन से संबंधित राजकीय आश्वासन समिति का 354वाँ प्रतिवेदन सदन में उपस्थापित करता हूँ ।

इस प्रतिवेदन में सन्निहित आश्वासनों को समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समीक्षोपरान्त कार्यान्वित माना गया तथा इस प्रतिवेदन को समिति की दिनांक 19 सितम्बर, 2024 की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किया गया।

संसदीय लोकतंत्र में विधायकगण, विधानमंडल में जनता की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु जन-प्रतिनिधि द्वारा जनहित के विषय पर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया जाता है, जिसपर सरकार का आश्वासन होता है ।

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 284 के तहत गठित राजकीय आश्वासन समिति, सरकार द्वारा सदन में दिये गये ऐसे आश्वासनों, प्रतिज्ञाओं और वचनों आदि के कार्यान्वयन के प्रयोजनार्थ कार्य करती है तथा कार्यान्वित आश्वासनों से संबंधित प्रतिवेदन सदन में उपस्थापित करती है।

इन आश्वासनों के कार्यान्वयन में विभागीय पदाधिकारियों तथा सभा सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों की अहम भूमिका रही है।

इस प्रतिवेदन को तैयार करने में समिति के सभी माननीय सदस्यों, सभा सचिवालय के पदाधिकारियों/कर्मचारियों एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के प्रति मैं अपना आभार प्रकट करता हूँ ।

दामोदर रावत,

सभापति,<br>
राजकीय आश्वासन समिति,<br>
बिहार विधान सभा, पटना ।

ख

## बिहार विधान सभा सचिवालय

### बिहार विधान सभा के राजकीय आश्वासन समिति की वर्ष 2024–25 के माननीय सदस्यों की सूची --

**सभापति**

| | |
|---|---|
| 1. श्री दामोदर रावत | स०वि०स० |

**सदस्यगण**

| | |
|---|---|
| 1. श्री संजय कुमार गुप्ता | स०वि०स० |
| 2. श्री राम विशुन सिंह | स०वि०स० |
| 3. श्री मुरारी प्रसाद गौतम | स०वि०स० |
| 4. श्री सुदर्शन कुमार | स०वि०स० |
| 5. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह | स०वि०स० |
| 6. श्री गोपाल रविदास | स०वि०स० |
| 7. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव | स०वि०स० |
| 8. श्री उमाकांत सिंह | स०वि०स० |

### सभा सचिवालय के पदाधिकारियों/कर्मचारियों की सूची--

| | |
|---|---|
| 1. श्रीमती ख्याति सिंह | प्रभारी सचिव |
| 2. श्री असीम कुमार | निदेशक |
| 3. श्री राम कुमार यादव | अवर-सचिव |
| 4. श्री शिव शंकर प्रसाद | प्रशाखा पदाधिकारी |
| 5. श्री शक्ति कुमार प्रसाद | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 6. श्री राजीव रंजन-III | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 7. श्री मो० अली | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 8. श्रीमती सुषमा | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 9. श्री रामबाबू सिंह | सहायक प्रशाखा पदाधिकारी |
| 10. श्री रवि शंकर | डाटा इंट्री ऑपरेटर |
| 11. श्री अमित कुमार | डाटा इंट्री ऑपरेटर |

दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को राजकीय आश्वासन समिति की हुई बैठक में ऊर्जा विभाग से संबंधित कार्यान्वित आश्वासनों की सूची --

| क्रम सं० | आश्वासन सं० |
|---|---|
| 1 | 132/99 |
| 2 | 258/01 |
| 3 | 361/02 |
| 4 | 03/04 |
| 5 | 496/06 |
| 6 | 215/08 |
| 7 | 566/09 |
| 8 | 693/10 |
| 9 | 835/10 |
| 10 | 1038/10 |
| 11 | 73/11 |
| 12 | 1778/12 |
| 13 | 972/13 |
| 14 | 1409/13 |
| 15 | 69/14 |
| 16 | 74/14 |
| 17 | 159/14 |
| 18 | 316/14 |
| 19 | 461/14 |
| 20 | 1065/16 |
| 21 | 1118/17 |

# प्रतिवेदन

## ऊर्जा विभाग

--------

### आश्वासन संख्या 132/99

### प्रसंग एवं विषय

**प्रश्नकर्ता** —श्री मो० नेमातुल्लाह, स०वि०स० की ध्यानाकर्षण सूचना पर दिनांक 21 अप्रील, 1999 को सरकारी वक्तव्य में निहित आश्वासन ।

### सरकारी आश्वासन

**श्री श्याम रजक (राज्य मंत्री)**--महोदय, गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखण्ड का 33/11 के०भी० पावर सब-स्टेशन वर्ष 1981 में ग्रामीण योजना के अन्तर्गत स्वीकृत हुआ था। सिविल कार्य का 80 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। उक्त सब-स्टेशन तथा इससे सम्बद्ध 14 कि०मी० 33के०भी०ए० लाइन का कार्य भी कराना है। अब इस पावर सब-स्टेशन की मई, 1999 में कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

(ज्ञाप संख्या 132 /वि०स०, पटना, दिनांक 21 सितम्बर, 1999 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 132, दिनांक 21 सितम्बर, 1999 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-I पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

### आश्वासन संख्या 258/01

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1334 (य-45), दिनांक 24 मार्च, 2001 (सभा मेज से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्री विनोद कुमार सिंह, स०वि०स० ।

**विषय**—कटिहार जिले के आजमनगर प्रखडान्तर्गत अरिहाना, फरसाखांगी, जानकीनगर, बेलराडीह, हलीमपुर गांवों के आवेदकों को विद्युत् की आपूर्ति।

## सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**-- * * *

(2) अगले वर्ष 2001 के आर०ई० स्टेट प्लान में उक्त ग्राम को सम्मिलित करने की प्रक्रिया की जायेगी।

(ज्ञाप संख्या 258 /वि०स०, पटना, दिनांक 7 जून, 2001 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 258, दिनांक 7 जून, 2001 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-II पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

## आश्वासन संख्या 361/02

## प्रसंग एवं विषय

सर्वश्री अब्दुल जलील मस्तान, दशई चौधरी एवं अन्य तीन सभासदों की ध्यानाकर्षण सूचना पर दिनांक 20 जुलाई, 2002 को सरकारी वक्तव्य में निहित आश्वासन ।

## सरकारी आश्वासन

**श्री शकील अहमद खां, (मंत्री)**-- *

सिमरहेन प्रखंड मुख्यालय का डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर जला हुआ है तथा 0.6 कि०मी० 11 के०भी० का लाइन क्षतिग्रस्त है। क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक कराकर ट्रांसफार्मर को 15 दिनों के अन्दर ऊर्जान्वित करा

दिया जायेगा, जिससे रेफरल अस्पताल, प्रखंड अंचल कार्यालय एवं थाना को विद्युत् आपूर्ति हो सकेगी।

ग्राम-ग्यासपुर वर्ष 2002-2003 के स्वीकृत पुनर्वासन योजना में शामिल है। इसे वर्ष 2002-2003 में पूरा करा लिया जायेगा।

ग्राम-गंगपुर, नोनिया पट्टी, रामगढ़, बथौना, माधोपुर, निरखपुर, साईपुर एवं जई छपरा वर्ष 2002-2003 की योजना में सम्मिलित नहीं है। इसे अगले वर्ष सम्मिलित कर कार्य करा दिया जायेगा।

**सभापति-भोला प्रसाद सिंह**--माननीय मंत्री माननीय सदस्य की चिंता सिर्फ यह है कि जो वर्षों से तार हटा है अंधेरे में लोग है उनकी समस्याओं का समाधान हो जाये। समस्याओं के समाधान के कदम भी अपने उठाये लेकिन जमीन पर इसे निरस्त करने के लिये तमाम तरह की बाधाएं उपस्थित हैं। आसन की चिंता सिर्फ यह है कि सरकार तो तत्पर है लेकिन और विशेष तत्परता से 6 महीने के अन्दर जो समस्याएं है उस क्षेत्र से जुड़े हुये उसका समाधान सरकार करें।

**श्री शकील अहमद खां, (मंत्री)**--सरकार करेगी।

(ज्ञाप संख्या 361/वि०स०, पटना, दिनांक 16 सितम्बर, 2002 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 361, दिनांक 16 सितम्बर, 2002 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-III पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

## आश्वासन संख्या 03/04

## प्रसंग एवं विषय

गैर-सरकारी संकल्प, दिनांक 23 मार्च, 2004 ई०।

**प्रश्नकर्ता** —श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स० ।

**विषय**—गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखण्ड के दिघवा दुबौली, सिसई एवं सिंघवलिया प्रखंड के करसघाट, पकड़ी गगवा गांव का विद्युतीकरण।

सरकारी आश्वासन

**श्री शकील अहमद खां, ( मंत्री )**--महोदय, लगता है कि माननीय सदस्य से कम्यूनिकेशन नहीं हुआ है। इसमें लिखा हुआ है बैकुण्ठपुर प्रखंड के दिघवा दुबौली, सिसई गांव में विद्युतीकरण हेतु प्राक्कलन हेतु स्वीकृत किये जा चुके हैं। इन दोनों गांवों में पहुंचने वाले 11के०वी० लाइन में पुनर्वासन की आवश्यकता है जिसका निर्माण कार्य चल रहा है, इसके पूरा होते ही इन दोनों प्रासंगिक गांवों के विद्युतीकरण हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। सिंधवलिया प्रखंड के करसघाट और पकड़ी में बिजलीकरण का कार्य जारी है, जिसके अन्तर्गत पोल गाड़ने का कार्य किया जा रहा है।

**उपाध्यक्ष**--माननीय सदस्य कहते हैं कि बहुत दिनों से कार्रवाई चल रही है, आप इसे कबतक पूरा करेंगे ?

**श्री शकील अहमद खां, ( मंत्री )**--महोदय, रिहैबिटेशन का मामला है और रिहैबिटेशन का काम पिछले दो साल से शुरू हुआ है और जब काम शुरू हो गया है तो उसमें समय लगेगा। हम समझते हैं कि जिस तरह से काम का प्रोसेस है, वह 2004 के अंत तक हो जाना चाहिये।

(ज्ञाप संख्या 100/वि०स०, पटना, दिनांक 24 अप्रील, 2004 ई०) ।

समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 03, दिनांक 24 अप्रैल, 2004 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 05 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-IV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

आश्वासन संख्या 496/06

प्रसंग एवं विषय

**तारांकित प्रश्न संख्या**--307 (य० 35), दिनांक 11 अगस्त, 2006 की (कार्यवाही से)।

**प्रश्नकर्ता**—श्री विनोद नारायण झा, स०वि०स० ।

**विषय**—मधुबनी जिला सहित पूरे उत्तर बिहार हेतु आवश्यकता के अनुरूप विद्युत् आपूर्ति ।

सरकारी आश्वासन

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, ( मंत्री )**--(घ) राज्य में विद्युत् की शीर्ष मांग 1300 मेगावाट के आस-पास है वहीं औसत उपलब्धता 900 मेगावाट है। अत: उत्तर बिहार में शीर्ष मांग की अवधि में आपूर्ति

सीमित रखना पड़ता है। उपलब्धता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है जिसके पश्चात् आपूर्ति में वृद्धि की जा सकेगी।

**श्री श्याम बिहारी प्रसाद**--मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि क्या पूर्वी चम्पारण ए०पी०जी०आर०पी० योजना में सम्मिलित कर लिया गया है ?

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, (मंत्री)**--जो प्रश्न माननीय सदस्य पूछे हैं, वो योजना में शामिल है और राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना में भी शामिल है, एन०एच०पी०सी० को दिया गया है, उसमें कोई कंट्रक्टर नहीं आया फिर प्रयास किया जा रहा है और वो काम बरसात के बाद प्रारंभ किया जायेगा।

**श्री श्याम बिहारी प्रसाद**--यह कबतक हो जायेगा ?

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, (मंत्री)**--महोदय, बरसात के बाद काम प्रारंभ होगा, 2009 तक हर गांव और 2012 तक हर घर में बिजली देने की योजना है।

(ज्ञाप संख्या 496/वि०स०, पटना, दिनांक 22 सितम्बर, 2006 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 496, दिनांक 22 सितम्बर, 2006 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-V पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

**आश्वासन संख्या 215/08**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या-1844 (च-134), दिनांक 28 मार्च, 2008 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्रीमती गुड्डी देवी, स०वि०स० ।

**विषय**—सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के प्रेम नगर, गाढ़ा एवं अन्य पंचायतों में नलकूप को ऊर्जान्वित करने के संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, (मंत्री)**--लघु सिंचाई नलकूप से समन्वय कर शीघ्र कार्रवाई की

जायेंगी। बुलाया है, तो अगले सप्ताह मा० सदस्या के साथ लघु सिंचाई विभाग और हम अपने विभाग की बैठक बुलाकर के इस मामले को दिखवा करके जितना जल्दी इसका कार्यान्वयन हो सकता है, कर दिया जायेगा।

**श्रीमती गुड्डी देवी**--धन्यवाद।

(ज्ञाप संख्या 215/वि०स०, पटना, दिनांक 22 जुलाई, 2008 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 215, दिनांक 22 जुलाई, 2008 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

--------

### आश्वासन संख्या 566/09

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1138 (य-144), दिनांक 17 जुलाई, 2009 की (कार्यवाही से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्रीमती नगीना देवी, स०वि०स० ।

**विषय**—सीतामढ़ी जिलान्तर्गत विभिन्न गांवों में पुराने तार को बदलकर नया तार लगवाने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

**श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह, (मंत्री)**--उत्तर स्वीकारात्मक है। क्रमिक रूप से तार बदलने की प्रक्रिया की जा रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में सभी बदल दिये जायेंगे।

(ज्ञाप संख्या 566/वि०स०, पटना, दिनांक 01 अगस्त, 2009 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 566, दिनांक 01 अगस्त, 2009 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

## आश्वासन संख्या 693/10

## प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या य-35, दिनांक 29 मार्च, 2010 को सदन पटल से द्वितीय सत्र के (मुद्रित पुस्तिका से)।

**प्रश्नकर्ता**—श्री इजहार अहमद, स०वि०स० ।

**विषय**—दरभंगा जिला के कोठराम एवं महेषी प्रखंड के गंडौल में विद्युत् उप-केन्द्र की स्थापना के संबंध में।

## सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--सहरसा जिला के गांवों को विद्युतीकरण राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड द्वारा किया जाना है जिसके लिये निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। यह कार्य सम्पन्न हेतु 2009 का लक्ष्य निर्धारित है। दरभंगा जिलान्तर्गत घनश्यामपुर प्रखंड में 33/11के०भी० विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का निर्माण आर०ई० स्टेट प्लान के अन्तर्गत कार्य प्रगति पर है, जिसे इसी वित्तीय वर्ष 2006-07 में पूरा करने का लक्ष्य है।

सहरसा जिला के अन्तर्गत महेषी प्रखंड में 33/11 के०भी० विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का निर्माण राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजनान्तर्गत बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड द्वारा किया जाना है जिसके लिये निविदा आमंत्रित की जा चुकी है।

(ज्ञाप संख्या 693/वि०स०, पटना, दिनांक 8 जुलाई, 2010 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 693, दिनांक 08 जुलाई, 2010 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-VIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 835/10

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 192 (य-19), दिनांक 23 जुलाई, 2010 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्री अनिल चौधरी, स०वि०स० ।

**विषय**—बेगूसराय जिला के खोदावन्दपुर प्रखंड में विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कराने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--भूमि हस्तांतरण के बाद निर्माण कार्य शुरू कर 8 माह में पूरा कर लिये जाने का लक्ष्य है।

(ज्ञाप संख्या 835/वि०स०, पटना, दिनांक 19 अगस्त, 2010 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 835, दिनांक 19 अगस्त, 2010 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-IX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

--------

## आश्वासन संख्या 1038/10

### प्रसंग एवं विषय

अनागत तारांकित प्रश्न संख्या य-151, दिनांक 21 जुलाई, 2010 को सदन पटल से चतुर्दश बिहार विधान सभा के पंचम सत्र के (मुद्रित पुस्तिका से) ।

**प्रश्नकर्ता**—श्री हरे कृष्ण यादव, स०वि०स० ।

**विषय**—दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के बवक्ट्टी एवं मट्ठाराही ग्राम के राजकीय नलकूपों को चालू कराने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--प्रथम चरण में केवल ट्रांसफॉर्मर के लिये एवं 5-10 पोल तक के कार्य वाले राजकीय नलकूप को ऊर्जान्वित किया जा रहा है। द्वितीय चरण में 10 पोल से अधिक कार्य वाले नलकूपों को ऊर्जान्वित किया जायेगा।

(ज्ञाप संख्या 1038 /वि०स०, पटना, दिनांक 22 सितम्बर, 2010 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1038, दिनांक 22 सितम्बर, 2010 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-X पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

## आश्वासन संख्या 73/11
### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 151 (य-46), दिनांक 25 फरवरी, 2011 को (सदन पटल से)।

**प्रश्नकर्ता** —श्रीमती गुड्डी देवी, स०वि०स० ।

**विषय**—सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में बिजली की तार बदलने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--पूरे राज्य में जर्जर तारों को चरणबद्ध तरीके से बदले जा रहे हैं। रून्नीसैदपुर प्रखंड के जर्जर तारों को प्राथमिकता के आधार पर वित्तीय वर्ष 2011-12 में बदल दिया जायेगा।

(ज्ञाप संख्या 73/वि०स०, पटना, दिनांक 14 मार्च, 2011 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 73, दिनांक 14 मार्च, 2011 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

--------

## आश्वासन संख्या 1778/12
### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 57 (य-33), दिनांक 30 नवम्बर, 2012 को (सदन पटल से)।

प्रश्नकर्ता —श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, स०वि०स० ।

**विषय**—गोपालगंज जिला के कुचायकोट विधान सभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में स्थापित ट्रांसफॉर्मरों में स्वीच लगाने के संबंध में।

**सरकारी आश्वासन**

**प्रभारी मंत्री**--प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित जगहों पर ए०बी० स्वीच 2012-13 में भी लगाये जायेंगे।

(ज्ञाप संख्या 1778/वि०स०, पटना, दिनांक 17 दिसम्बर, 2012 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 1778, दिनांक 17 दिसम्बर, 2012 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय. आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

**आश्वासन संख्या 972/13**

**प्रसंग एवं विषय**

**प्रश्नकर्ता** —श्री रामायण मांझी, स०वि०स० के गैर-सरकारी संकल्प पर दिनांक 3 अप्रील, 2013 को सरकारी वक्तव्य में निहित आश्वासन ।

**विषय**—सीवान जिला के गुठनी, दरौली, आन्दर प्रखंड में सब-स्टेशन का निर्माण कर बिजली उपलब्ध कराने के संबंध में।

**सरकारी आश्वासन**

**श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, (मंत्री)**--महोदय, सीवान जो राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना का एडिशनल डी०पी०आर० है उसमें स्वीकृत है, टेंडर की प्रक्रिया चल रही है, जल्दी उसका निर्णय हो जायेगा और काम प्रारंभ होगा ।

(ज्ञाप संख्या 972/वि०स०, पटना, दिनांक 10 मई, 2013 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 972, दिनांक 10 मई, 2013 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

## आश्वासन संख्या 1409/13

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 438 (थ-38), दिनांक 13 दिसम्बर, 2013 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्री मदन सहनी, स०वि०स० ।

**विषय**—दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड के खराजपुर एवं अंदामा गाँव के नलकूपों में विद्युत् आपूर्ति कर चालू करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**-- निर्णयानुसार यांत्रिक दोष दूर होने के उपरांत विद्युत् दोष दूर कर दी जायेगी।

(ज्ञाप संख्या 1409/वि०स०, पटना, दिनांक 08 जनवरी, 2014 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 1409, दिनांक 08 जनवरी, 2014 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## परिशिष्ट–XVIII

### आश्वासन संख्या 316/14

श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 316/14 का अनुपालन प्रतिवेदन।

### विषय

गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर, सिंघवलिया एवं बरौली प्रखण्डों के विभिन्न गाँवों का विद्युतीकरण एवं ससमय पर कार्य नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

प्राप्त राशि के आधार पर कुल 49 योजनाओं को चालू किया जा चुका है। राज्य सरकार से ऐसी योजनाओं को चालू करने के लिये निधि प्राप्त हो गयी है जिन्हें दिसम्बर, 2014 तक चालू करने का लक्ष्य है। संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछा गया है।

### अनुपालन प्रतिवेदन

गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर, सिंघवलिया एवं बरौली प्रखण्डों के विभिन्न गाँवों का विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।

----------

# परिशिष्ट–XVII

## आश्वासन संख्या 159/14

श्री अच्युतानन्द, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 159/14 का अनुपालन प्रतिवेदन ।

### विषय

राज्य के 27 जिलों में विद्युतीकरण के कार्य को पूर्ण करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

पुनः निविदा में Quoted Rate अधिक आने की वजह तथा निविदा के प्रावधानों को पुनः Bidders Meet ,के अधार पर संशोधित करने हेतु निविदा को दोबारा रद्द कर संशोधित निविदा आमंत्रण का निर्णय लिया गया, जिसे अगस्त, 2014 के प्रथम सप्ताह में पूर्ण कर लिया जायेगा।

### अनुपालन प्रतिवेदन

राज्य के 27 जिलों में विद्युतीकरण का कार्य दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (पूर्ववर्ती राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना) 12वीं योजना के अन्तर्गत पूर्ण कर लिया गया है एवं सुचारू रूप से विद्युत् आपूर्ति की जा रही है।

# परिशिष्ट–XVI

## आश्वासन संख्या 74/14

श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 74/14 का अनुपालन प्रतिवेदन ।

### विषय

गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवी एवं कुचायकोट प्रखण्डों में 11 हजार वोल्ट के जर्जर तार को बदलकर निर्बाध विद्युत् आपूर्ति कराने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

पंचदेवरी एवं कुचायकोट प्रखण्डों में प्राथमिकता के आधार पर क्रमशः 7 कि०मी० तथा 13 कि०मी० जर्जर तारों को बदली किया गया है एवं जून, 2014 तक सभी जर्जर तारों को बदल दिया जायेगा।

### अनुपालन प्रतिवेदन

गोपालगंज जिला अन्तर्गत पंचदेवरी एवं कुचायकोट प्रखंडों में 11 हजार बोल्ट के क्रमशः 61. 43 कि०मी० एवं 142.247 कि०मी० जर्जर तारों को बदल दिया गया है ।

---------

## परिशिष्ट–XV

### आश्वासन संख्या 69/14

श्री जितेन्द्र कुमार राय, माननीय सदस्य विधान सभा से प्राप्त आश्वासन की संख्या 69/2014 का उत्तर प्रतिवेदन ।

**प्रश्न**

सारण जिलान्तर्गत तरैया थाना के डेवढ़ी ग्राम में दिनांक 5 दिसम्बर, 2013 को पूजा कुमारी, पिता-श्री सुरेश प्रसाद यादव को बिजली की तार से करेंन्ट लगने से हुयी मृत्यु के उपरांत विद्युत् विभाग के दोषी कर्मचारियों/पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई मुआवजा राशि एवं परिजनों को सरकारी नौकरी देने के संबंध में ।

**उत्तर**

वस्तुस्थिति यह है कि स्व० पूजा कुमारी, पिता-श्री सुरेश राय, ग्राम-डेवढ़ी, थाना-तरैया, जिला-सारण की विद्युत् स्पर्शाघात से हुयी मृत्यु उपरांत पूर्ववर्ती विद्युत् बोर्ड के पत्रांक 1677, दिनांक 2 जुलाई, 2012 में निहित प्रावधान के आलोक में कार्यालय आदेश संख्या 839, दिनांक 14 जुलाई, 2014 द्वारा स्वीकृत राशि रु० 2,00000 (दो लाख) मात्र का भुगतान मृतक के परिजन श्री सुरेश राय को चेक संख्या 301375, दिनांक 15 जुलाई, 2014 द्वारा कर दिया गया है ।

## परिशिष्ट–XIV

### आश्वासन संख्या 1409/13

श्री मदन सहनी, स०वि०स० सदस्य विधान सभा से प्राप्त आश्वासन की संख्या 1409/2013 का उत्तर प्रतिवेदन ।

**प्रश्न**

दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड के खराजपुर एवं अदामा गांव में नलकूपों में विद्युत् आपूर्ति चालू करने के संबंध में ।

**उत्तर**

वस्तुस्थिति यह है कि लघु सिंचाई अनुमंडल, लहेरियासराय द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखंड के खराजपुर पंचायत का बरहेता नलकूप वर्तमान में परित्यक्त है। जिसके कारण उक्त नलकूप में विद्युत् आपूर्ति की आवश्यकता नहीं है।

अदामा गांव का राजकीय नलकूप में विद्युत् वर्तमान में संयुक्त दोष के कारण बंद है, लघु सिचांई विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि उन्हें द्वितीय किस्त प्राप्त होने के उपरांत उनके द्वारा आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# परिशिष्ट-XIII

## आश्वासन संख्या 972/13

श्री रामायण मांझी, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 972/13 का अनुपालन प्रतिवेदन ।

### विषय

सीवान जिला के गुठनी, दरौली, आन्दर प्रखंड में सब-स्टेशन का निर्माण कर बिजली उपलब्ध कराने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना का ऐडिशनल डी०पी०आर० है उसमें स्वीकृत है, टेंडर की प्रक्रिया चल रही है, जल्दी उसका निर्णय हो जायेगा और काम प्रारंभ होगा ।

### अनुपालन प्रतिवेदन

सीवान जिला के गुठनी, दरौली, आन्दर प्रखंड में सब-स्टेशन का निर्माण पूर्व में ही किया जा चुका है। वर्तमान में उन सब-स्टेशनों से सुचारू रूप से विद्युत् आपूर्ति की जा रही है।

# परिशिष्ट–XII

## आश्वासन संख्या 1778/12

श्री अमरेन्द्र कुमार सिंह, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 1778/12 का अनुपालन प्रतिवेदन ।

### विषय

गोपालगंज जिला के कुचायकोट विधान सभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में स्थापित ट्रांसफॉर्मरों में स्वीच लगाने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित जगहों पर ए०बी० स्वीच 2012-13 में भी लगाये जायेंगे।

### अनुपालन प्रतिवेदन

गोलपागंज जिला के कुचायकोट विधान सभा क्षेत्र सहित पूरे जिला में अधिष्ठापित ट्रांसफार्मरों में बी०आर०जी०एफ० एवं आई०पी०डी०एस० योजना अन्तर्गत चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर स्वीच लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

## परिशिष्ट–XI

### आश्वासन संख्या 73/11

श्रीमती गुड्डी देवी, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन संख्या 73/2011 का अनुपालन प्रतिवेदन ।

**प्रश्न**

सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में बिजली की तार बदलने के संबंध में ।

**सरकारी आश्वासन**

पूरे राज्य के जर्जर तारों को चरणबद्ध तरीके से बदले जा रहे हैं। रून्नीसैदपुर प्रखंड के जर्जर तारों को प्राथमिकता के आधार पर वित्तीय वर्ष 2011-12 में बदल दिया जायेगा।

**अनुपालन प्रतिवेदन**

सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के सभी पंचायतों में जर्जर तारों को प्राथमिकता के आधार पर बदल दिया गया है।

----------

# परिशिष्ट–X

## आश्वासन संख्या 1038/10

श्री हरेकृष्ण यादव, स०वि०स० सदस्य विधान सभा से प्राप्त आश्वासन की संख्या 1038/2010 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### प्रश्न

दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के बसकट्टी एवं मठाराही ग्राम के राजकीय नलकूपों को चालू कराने के संबंध में ।

### उत्तर

वस्तुस्थिति यह है कि लघु सिंचाई अनुमंडल, लहेरियासराय द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसान दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के बसकट्टी राजकीय नलकूप वर्तमान में परित्यक्त है। जिसके कारण उक्त नलकूप में विद्युत् आपूर्ति की आवश्यकता नहीं है एवं मठाराही गांव के राजकीय नलकूप की विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।

## परिशिष्ट–IX

### आश्वासन संख्या 835/10

श्री अनिल चौधरी, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 835/10 का अनुपालन प्रतिवेदन ।

#### विषय

बेगूसराय जिला के खोदाबन्दपुर प्रखंड में विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कराने के संबंध में।

#### सरकारी आश्वासन

भूमि के हस्तांतरण के बाद निर्माण कार्य शुरू कर 8 माह में पूरा कर लिये जाने का लक्ष्य है।

#### अनुपालन प्रतिवेदन

बेगूसराय जिला के खोदाबन्दपुर प्रखंड में नवनिर्मित 33/11 के०भी० विद्युत् सब-स्टेशन को ऊर्जान्वित कर दिया गया है एवं विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से किया जा रहा है।

# परिशिष्ट–VIII

## आश्वासन संख्या 693/10

श्री इजहार अहमद, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 693/10 का अनुपालन प्रतिवेदन ।

### विषय

दरभंगा जिला के कोठराम एवं महिषी प्रखंड के गंडौल में विद्युत् उप-केन्द्र की स्थापना के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

सहरसा जिला के गांवों को विद्युतीकरण राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड द्वारा किया जाना है जिसके लिये निविदा आमंत्रित की जा चुकी है। यह कार्य सम्पन्न हेतु 2001 का लक्ष्य निर्धारित है। दरभंगा जिलान्तर्गत घनश्यामपुर प्रखंड में 33/11के०भी० विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का निर्माण आर०ई० स्टेट प्लान के अन्तर्गत कार्य प्रगति पर है, जिसे इसी वित्तीय वर्ष 2006-07 में पूरा करने का लक्ष्य है। सहरसा जिला के अन्तर्गत महेषी प्रखंड में 33/11 के०भी० विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का निर्माण राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण. योजनान्तर्गत बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड द्वारा किया जाना है जिसके लिये निविदा आमंत्रित की जा चुकी है।

### अनुपालन प्रतिवेदन

दरभंगा जिलान्तर्गत घनश्यामपुर प्रखंड एवं सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखंड में 33/11 के०भी० विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का निर्माण दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (पूर्ववती राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना) अन्तर्गत पूर्ण कर लिया गया है, जिससे विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है ।

## परिशिष्ट–VII

## आश्वासन संख्या 566/09

श्रीमती नगीना देवी, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 566/09 का अनुपालन प्रतिवेदन ।

### विषय

सीतामढ़ी जिलान्तर्गत विभिन्न गांवों में पुराने तार को बदलकर नया तार लगवाने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

क्रमिक रूप से तार बदलने की प्रक्रिया की जा रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में सभी बदल दिये जायेंगे।

### अनुपालन प्रतिवेदन

सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत प्रश्नवर्णित विभिन्न गांव में विभिन्न योजनाओं से पुराने जर्जर तारों को बदल दिया गया है।

# परिशिष्ट–VI

## आश्वासन संख्या 215/08

श्रीमती गुड्डी देवी, स०वि०स० सदस्य विधान सभा से प्राप्त आश्वासन की संख्या 215/2008 का उत्तर प्रतिवेदन ।

### प्रश्न

सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के प्रेम नगर, गाढ़ा एवं अन्य पंचायतों में नलकूप को ऊर्जान्वित करने के संबंध में ।

### उत्तर

वस्तुस्थिति यह है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रून्नीसैदपुर प्रखंड के प्रेम नगर, गाढ़ा एवं अन्य पंचायतों में नलकूपों का विद्युत् दोष पूर्व में ही दूर कर दिया गया है एवं विद्युत् की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।

# परिशिष्ट–V

## आश्वासन संख्या 496/06

श्री विनोद नारायण झा, स०वि०स० सदस्य विधान सभा से प्राप्त अश्वासन संख्या 496/2006 का उत्तर प्रतिवेदन ।

प्रश्न

मधुबनी जिला सहित पूरे उत्तर बिहार हेतु आवश्यकता के अनुरूप विद्युत् आपूर्ति के संबंध में ।

उत्तर

वस्तुस्थिति यह है कि मधुबनी जिला के शहरी उपभोक्ताओं को वर्तमान में 22-23 घंटा एवं ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को 21-22 घंटा विद्युत् की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। वर्तमान में पूरे उत्तर बिहार के शहरी क्षेत्रों में 22-23 घंटा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 21-22 घंटा विद्युत् की आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है ।

# परिशिष्ट–IV

## आश्वासन संख्या 03/04

**प्रश्नकर्ता**--श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 03/04 का अनुपालन प्रतिवेदन।

### विषय

गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखंड के दिघवा दुबौली, सिसई एवं सिंघवलिया प्रखंड के करसघाट, पकड़ी, गंगवा गांव का विद्युतीकरण।

### सरकारी आश्वासन

बैकुण्ठपुर प्रखंड के दिघवा, दुबौली, सिसई गांव में विद्युतीकरण हेतु प्राक्कलन हेतु स्वीकृत किये जा चुके हैं। इन दोनों गांवों में पहुंचने वाले ।।के०वी० लाइन में पुनर्वासन की आवश्यकता है, जिसका निर्माण कार्य चल रहा है, इसके पूरा होते ही इन दोनों प्रासंगिक गांवों के विद्युतीकरण हेतु निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा। सिंघवलिया प्रखंड के करसघाट और पकड़ी में विद्युतीकरण का कार्य जारी है, जिसके अन्तर्गत पोल गाड़ने का कार्य किया जा रहा है।

### अनुपालन प्रतिवेदन

गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखंड के दिघवा दुबौली, सिसई एवं सिंघवलिया प्रखंड के करसघाट, पकड़ी गंगवा गांव में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर दिया गया है एवं विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।

## परिशिष्ट–III

श्री अब्दुल जलील मस्तान, दशई चौधरी एवं अन्य तीन सभासदों को ध्यानाकर्षण सूचना पर दिनांक 20 जुलाई, 2002 को सरकारी वक्तव्य में निहित आश्वासन सं० 361/02 का अनुपालन प्रतिवेदन ।

### सरकारी आश्वासन

सिसवन प्रखंड मुख्यालय का डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर जला हुआ है तथा 0.6 कि०मी० 11 के०भी० का लाइन भी क्षतिग्रस्त है। क्षतिग्रस्त लाइन को ठीक कराकर ट्रांसफॉर्मर को 15 दिनों के अन्दर ऊर्जान्वित करा दिया जायेगा, जिससे रेफरल अस्पताल, प्रखंड अंचल कार्यालय एवं थाना को विद्युत् आपूर्ति हो सकेगी।

### अनुपालन प्रतिवेदन

सिसवन प्रखंड मुख्यालय का डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पूर्व में ही बदल दिया गया है, जिससे रेफरल अस्पताल प्रखंड अंचल कार्यालय एवं थाना को सूचारू रूप से विद्युत् आपूर्ति की जा रही है।

## परिशिष्ट–II

श्री विनोद कुमार सिंह, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 258/2001 का अनुपालन प्रतिवेदन ।

### विषय

कटिहार जिले के आजमनगर प्रखडान्तर्गत, अरिहाना, फरसाखांगी, जानकीनगर, बेलराही, हलीमपुर गांवों के आवेदकों को विद्युत् आपूर्ति।

### सरकारी आश्वासन

अगले वर्ष 2001-2001 के आर०ई० स्टेट प्लान में उक्त ग्राम को सम्मिलित करने की प्रक्रिया की जायेगी।

### अनुपालन प्रतिवेदन

कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर प्रखंड के आजमनगर प्रखण्डान्तर्गत गांव अरिहाना, फरसाडांगी, जानकीनगर, बेलराही, हलीमपुर में विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर दिया गया है एवं विद्युत् आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।

## परिशिष्ट–I

श्री मो० नेमातुल्लाह, स०वि०स० की ध्यानाकर्षण सूचना पर दिनांक 21 अप्रील, 1999 को सरकारी वक्तव्य में निहित आश्वासन सं० 132/99 का अनुपालन प्रतिवेदन ।

### सरकारी आश्वासन

गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखण्ड का 33/11 के०भी० पावर सब-स्टेशन वर्ष 1981 में ग्रामीण योजना के अन्तर्गत स्वीकृत हुआ था सिविल कार्य का 80 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। उक्त सब-स्टेशन तथा इससे सम्बद्ध 14 कि०मी० 33के०भी०ए० लाइन का कार्य भी कराना हैं। अब इस पावर सब-स्टेशन की मई, 1999 में कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

### अनुपालन प्रतिवेदन

गोपालगंज जिलान्तर्गत मांझा प्रखंड में 2X210 MVA क्षमता के विद्युत् शक्ति उप-केन्द्र का निर्माण कार्य स्पेशल प्लान (BRGF-II) योजना अन्तर्गत पूर्ण कर लिया गया है, जिससे विद्युत् आपूर्ति की जा रही है।

# परिशिष्ट

सं०-प्र०2/विविध (रा०आ०)23/03-3083

**बिहार सरकार**

**ऊर्जा विभाग**

--------

प्रेषक

श्रवण कुमार,

आंतरिक वित्तीय सलाहकार।

सेवा में

अवर-सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना।

पटना, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 (ई०)।

विषय--बिहार विधान सभा की राजकीय आश्वासन समिति की ऊर्जा विभाग से संबंधित वर्ष 2001 से 2022 तक की लंबित आवश्वासनों का कार्यान्वयन प्रतिवेदन के संबंध में ।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक बिहार विधान सभा की राजकीय आश्वासन समिति की ऊर्जा विभाग से संबंधित वर्ष 2001 से 2022 तक की लंबित आश्वासनों का कार्यान्वयन प्रतिवेदन संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी जा रही है।

अनुरोध है कि उक्त आश्वासनों को लंबित सूची से विलोपित करने की कृपा की जाये।

अनु०-यथोक्त।

विश्वासभाजन,

श्रवण कुमार,

आंतरिक वित्तीय सलाहकार ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

### आश्वासन संख्या 1118/17

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 3102 (य-155), दिनांक 31 मार्च, 2017 को (सदन पटल से)।

**प्रश्नकर्ता** —श्रीमती प्रेमा चौधरी, स०वि०स० ।

**विषय**—वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के डढ़या पंचायत के ग्राम-कस्तुरी सराय से पातेपुर पावर सब-स्टेशन तक जाने वाली 11000 वोल्ट का जर्जर तार एवं पोल को बदलने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--जर्जर तार एवं पोल को बदलने के कार्य को राज्य योजना में सम्मिलित करते हुये प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। कार्य पूर्ण होने का लक्ष्य दिसम्बर, 2015 है।

(ज्ञाप संख्या 4469-4472/वि०स०, पटना, दिनांक 30 अगस्त, 2017 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 4469-4472, दिनांक 30 अगस्त, 2017 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XXI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

## आश्वासन संख्या 1065/16

## प्रसंग एवं विषय

अनागत तारांकित प्रश्न संख्या (य-68), दिनांक 01 दिसम्बर, 2016 को सदन पटल पर रखे गये द्वितीय सत्र के (मुद्रित पुस्तिका से)।

**प्रश्नकर्ता** —श्री सीताराम यादव, स०वि०स० ।

**विषय**—मधुबनी जिला के जयनगर प्रखण्डान्तर्गत बरही गांव स्थित पासवान टोला में पोल गाड़कर विद्युत् आपूर्ति करने के संबंध में।

## सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--आंशिक स्वीकारात्मक। मधुबनी जिला के जयनगर प्रखंड अन्तर्गत बरही गाँव स्थित पासवान टोला में लगे बांस-बल्ले के सहारे गुजर रहे बिजली तार को हटाकर पोल गाड़कर एल०टी० केबुल से विद्युत् आपूर्ति कराने का लक्ष्य BRGF फेज 2 के तहत मई, 2017 निर्धारित है।

(ज्ञाप संख्या 3930-3933/वि०स०, पटना, दिनांक 24 जनवरी, 2017 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 3930-3933, दिनांक 24 जनवरी, 2017 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 316, दिनांक 18 सितम्बर, 2014 के द्वारा उ विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVIII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

## आश्वासन संख्या 461/14

## प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1468 (य-144), दिनांक 25 जुलाई, 2014 को (सदन पटल से)।

**प्रश्नकर्ता** —श्री तौसीफ आलम, स०वि०स० ।

**विषय**—किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड में अवस्थित पावर सब-स्टेशन से लोहरागारा हाट एवं अगल-बगल के गाँवों में जर्जर तारों को बदलने के संबंध में।

## सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--किशनगंज जिला के बहादुरगंज प्रखंड में अवस्थित पावर सब-स्टेशन से लोहरागारा हाट के बीच पड़ने वाले जर्जर विद्युत् तार को बदलने की कार्रवाई की कार्रवाई की रही है। जर्जर विद्युत् तार बदलने का लक्ष्य नवम्बर, 2014 है।

(ज्ञाप संख्या 461/वि०स०, पटना, दिनांक 08 अक्टूबर, 2014 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 461, दिनांक 08 अक्टूबर, 2014 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XIX पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--पुन: निविदा में Quoted Rate अधिक आने की वजह तथा निविदा के प्रावधानों को पुन: Bidders Meet के आधार पर संशोधित करने हेतु निविदा को दोबारा रद्द कर संशोधित निविदा आमंत्रण का निर्णय लिया गया, जिसे अगस्त, 2014 के प्रथम सप्ताह में पूर्ण कर लिया जायेगा।

(ज्ञाप संख्या 159/वि०स०, पटना, दिनांक 02 अगस्त, 2014 ई०) ।

### समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 159, दिनांक 02 अगस्त, 2014 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 05 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVII पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

### समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

## आश्वासन संख्या 316/14

### प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 1110 (य-14), दिनांक 18 जुलाई, 2014 को (सदन पटल से) ।

**प्रश्नकर्ता** —श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स० ।

**विषय**—गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर, सिंधवलिया एवं बरौली प्रखण्डों के विभिन्न गाँवों का विद्युतीकरण एवं ससमय पर कार्य नहीं करने वाले दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने के संबंध में ।

### सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--प्राप्त राशि के आधार पर कुल 49 योजनाओं को चालू किया जा चुका है। राज्य सरकार से ऐसी योजनाओं को चालू करने के लिये निधि प्राप्त हो गयी है जिन्हें दिसम्बर, 2014 तक चालू करने का लक्ष्य है। संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछा गया है।

(ज्ञाप संख्या 316/वि०स०, पटना, दिनांक 18 सितम्बर, 2014 ई०) ।

**आश्वासन संख्या 74/14**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 339 (य-41), दिनांक 21 फरवरी, 2014 को (सदन पटल से)।
**प्रश्नकर्ता** —श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, स०वि०स० ।
**विषय**— गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी एवं कुचायकोट प्रखण्डों में 11 हजार वोल्ट के जर्जर तार को बदलकर निर्बाध विद्युत् आपूर्ति कराने के संबंध में।

**सरकारी आश्वासन**

**प्रभारी मंत्री**--पंचदेवरी एवं कुचायकोट प्रखण्डों में प्राथमिकता के आधार पर क्रमशः 7 कि०मी० तथा 13 कि०मी० जर्जर तारों को बदली किया गया है एवं जून, 2014 तक सभी जर्जर तारों को बदल दिया जायेगा।

(ज्ञाप संख्या 74/वि०स०, पटना, दिनांक 9 मई, 2014 ई०) ।

**समिति की समीक्षा**

सभा सचिवालय के पत्रांक 74, दिनांक 09 मई, 2014 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XVI पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

**समिति का निर्णय**

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

**आश्वासन संख्या 159/14**

**प्रसंग एवं विषय**

तारांकित प्रश्न संख्या 275 (य-2), दिनांक 4 जुलाई, 2014 को (सदन पटल से) ।
**प्रश्नकर्ता** —श्री अच्युतानन्द, स०वि०स० ।
**विषय**—राज्य के 27 जिलों में विद्युतीकरण के कार्य को पूर्ण करने के संबंध में।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

---------

## आश्वासन संख्या 69/14

## प्रसंग एवं विषय

तारांकित प्रश्न संख्या 393 (य-16), दिनांक 21 फरवरी, 2014 को (सदन पटल से)।

**प्रश्नकर्ता** —श्री जितेन्द्र कुमार राय, स०वि०स० ।

**विषय**—सारण जिलान्तर्गत तरैया थाना के डेवढ़ी ग्राम में दिनांक 5 दिसम्बर, 2013 को विद्युत् विभाग के कर्मचारियों एवं पदाधिकारियों की लापरवाही से पूनम कुमारी, पिता-श्री सुरेश प्रसाद यादव की बिजली की तार से करेंट लगने से मृत परिजनों को सरकारी नौकरी देने एवं दोषी पर कार्रवाई करने के संबंध में।

## सरकारी आश्वासन

**प्रभारी मंत्री**--इस घटना की जाँच करायी जा रही है। जाँच के पश्चात् ही दोष निर्धारण किया जा सकेगा। जाँच प्रतिवेदन के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

(ज्ञाप संख्या 69/वि०स०, पटना, दिनांक 09 मई, 2014 ई०) ।

## समिति की समीक्षा

सभा सचिवालय के पत्रांक 69, दिनांक 09 मई, 2014 के द्वारा ऊर्जा विभाग को उपर्युक्त आश्वासन भेजा गया था । ऊर्जा विभाग ने अपने पत्रांक 3083, दिनांक 5 सितम्बर, 2022 के द्वारा कार्यान्वयन प्रतिवेदन (परिशिष्ट-XV पर द्रष्टव्य) सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया । जिस पर राजकीय आश्वासन समिति (मुख्य) की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 को हुई बैठक में समीक्षा की गयी । समीक्षोपरांत समिति द्वारा विभागीय उत्तर को संतोषप्रद पाया गया ।

## समिति का निर्णय

राजकीय आश्वासन समिति की दिनांक 13 नवम्बर, 2023 की बैठक में समिति द्वारा इस आश्वासन को कार्यान्वित मानते हुये निष्पादित किया गया ।

# परिशिष्ट–XIX

## आश्वासन संख्या 461/14

श्री तौसीफ आलम, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 461/14 का अनुपालन प्रतिवेदन।

### विषय

किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड में अवस्थित पावर सब-स्टेशन से लोहागारा हाट एवं अगल-बगल के गाँवों में जर्जर तारों को बदलने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

किशनगंज जिला के बहादुरगंज प्रखंड में अवस्थित पावर सब-स्टेशन से लोहागारा हाट के बीच पड़ने वाले जर्जर विद्युत् तार को बदलने की कार्रवाई की जा रही है। जर्जर विद्युत् तार बदलने का लक्ष्य नवम्बर, 2014 है।

### अनुपालन प्रतिवेदन

किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखंड में अवस्थित पावर सब-स्टेशन के लोहागारा हाट एवं अगल-बगल के गाँवों में जर्जर तार को बदलकर विद्युत् आपूर्ति बहाल कर दी गयी है।

## परिशिष्ट–XX

### आश्वासन संख्या 1065/16

### प्रसंग एवं विषय

श्री सीताराम यादव, स०वि०स० से प्राप्त आश्वासन सं० 1065/16 का अनुपालन प्रतिवेदन।

### विषय

मधुबनी जिला के जयनगर प्रखण्डान्तर्गत बरही गाँव स्थित पासवान टोला में पोल गाड़कर विद्युत् आपूर्ति करने के संबंध में।

### सरकारी आश्वासन

आंशिक स्वीकारात्मक। मधुबनी जिला के जयनगर प्रखंड अन्तर्गत बरही गाँव स्थित पासवान टोला में लगे बास-बल्ले के सहारे गुजर रहे बिजली तार को हटाकर पोल गाड़कर एल०टी० केबुल से विद्युत् आपूर्ति कराने का लक्ष्य BRGF फेज 2 के तहत मई, 2017 निर्धारित है।

### अनुपालन प्रतिवेदन

मधुबनी जिला के जयनगर प्रखण्डान्तर्गत बरही गाँव स्थित पासवान टोला में लगे बांस बल्ले के स्थान पर पोल एवं एल०टी० केबुल के माध्यम से स्थायी संरचना का निर्माण कर दिया गया है एवं विद्युत् आपूर्ति सामान्य रूप से हो रही है।

## परिशिष्ट–XXI

### आश्वासन संख्या 1118/17

श्रीमती प्रेमा चौधरी, स०वि०स० द्वारा प्राप्त आश्वासन प्रश्न सं० 1118/17 का उत्तर प्रतिवेदन ।

वैशाली जिला अन्तर्गत पातेपुर प्रखंड के डढ़ूया पंचायत के ग्राम कस्तुरी सराय से पातेपुर पावर सब-स्टेशन तक जाने वाली 11,000 वोल्ट का तार एवं पोल जर्जर है, जिससे कभी भी कोई अप्रीय घटना घट सकती है। यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान के जर्जर तार एवं पोल को बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

### आश्वासन

जर्जर तार एवं पोल को बदलने के कार्य को राज्य योजना में सम्मिलित करते हुये प्राथमिकता के आधार पर कराया जायेगा। कार्य पूर्ण होने का लक्ष्य दिसम्बर, 2017 ।

### कार्यान्वयन प्रतिवेदन

वस्तुस्थिति यह है कि वैशाली जिला अन्तर्गत पातेपुर प्रखंड के डढ़ूया पंचायत के ग्राम कस्तुरी सराय से पातेपुर पावर सब-स्टेशन तक जाने वाली 11,000 वोल्ट के जर्जर तार एवं पोल को चिन्हित कर स्वीकृत योजना के आकार के अनुरूप बदलने का कार्य पूर्ण कर दिया गया है।

----------

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026